ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद,
रूड़की।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
परिषद् से सम्बद्ध निजी क्षेत्र के समस्त इंजीनियरिंग डिप्लोमा स्तरीय संस्थान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : 2840 / उ0प्रा0शि0प0 / सेमेस्टर आवदेन / 2025–26 दिनांक : 27.10.2025

**विषय : सत्र 2025–26 (शीतकालीन) में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाईन भराये जाने विषयक।**

महोदय,

सत्र 2025–26 में प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर इंजीनियरिंग तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष होटल मैनेजमेण्ट में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाईन भराये जाने हैं। ऑन लाईन आवेदन पत्र भराये जाने से संबंधित तिथियां निम्नलिखित हैं –

**Online आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : 01 नवम्बर 2025**
**Online आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि : 20 नवम्बर 2025 सायं 5:00 बजे तक।**

परीक्षा शुल्क :–

1. आवेदन पत्र शुल्क – रू0 500 / –
2. परीक्षा शुल्क(एक समान सभी सेमेस्टर) – रू0 1000 / –
3. बैक पेपर शुल्क (प्रति विषय) – रू0 200 / –
4. अंकतालिका शुल्क – रू0 20 / –

प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर इंजीनियरिंग तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष होटल मैनेजमेण्ट के आवेदन पत्र ऑन लाईन भरने के पश्चात् आवेदन पत्रों का सेमेस्टर / वार्षिक वार कम्प्यूटरराईज्ड नॉमिनल रोल एवं डिमांड ड्राफ्ट **दिनांक : 29–11–2025 से पूर्व परिषद् कार्यालय, रूड़की में अनिवार्य रूप से** पत्रवाहक के द्वारा जमा करें।

शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट के द्वारा किया जाना है। ड्राफ्ट **सचिव, उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्** के नाम से बनाया जाना है, जो **रूड़की** में देय हो। **शुल्क का भुगतान एक ही ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है।**

**नोट– शीतकालीन सेमेस्टर परीक्षा के साथ सभी विषम सेमेस्टर विषयों की बैक पेपर परीक्षा करायी जानी है। आवेदन पत्र में समस्त विषम सेमेस्टर के बैक पेपरों को भरना अनिवार्य है। तदानुसार छात्र / छात्रा की समस्त बैक को परीक्षा आवेदन पत्र में अंकित कराया जाये। बैक पेपर का मिलान करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र को अग्रसारित किया जाये। किसी भी स्थिति में अनर्ह छात्र–छात्रा का आवेदन पत्र न भरा जाए। यदि अनर्ह छात्र–छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था का होगा।**

भवदीय,

(डा0 मुकेश पाण्डेय)
सचिव।